निक्की, सलीमा और संगाती से मिले छात्र

रांची। आईआईएम रांची में सोमवार को संवाद कार्यक्रम, अमृत काल विमर्श आयोजित किया गया। इसमें भारतीय महिला हॉकी टीम की झारखंड की खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी शामिल हुईं।

आईआईएम ने रविवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की स्वर्णिम जीत की खुशी मनाई। निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया और भविष्य के प्रयासों में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

तीनों खिलाड़ियों ने अपनी जर्नी साझा की। सभी ने बताया कि परिस्थितियां विपरीत हों और हौसला बुलंद तो फिर आगे का रास्ता खुद ब खुद बन जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी उन्होंने दिए।

Hindustan,07.11.2023, P.8